देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 16.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत –रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक पेश किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजयी दिवस पर देश के वीर जवानों को नमन किया।
- चमोली जिले में स्थित भगवान श्री आदिबदरी मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोचार और परंपराओं के साथ बंद हुए।
- उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– पिछले 11 वर्ष में देश में सौर ऊर्जा उत्पादन में 46 प्रतिशत वृद्धि हुई।

विकसित भारत –रोजगार

लोकसभा में आज कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विकसित भारत –रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत–2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन सभी ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं। इसका उद्देश्य समृद्ध और सशक्त ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण और विकास को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया जाना है, जिसमें बीमा अधिनियम, 1938, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 और बीमा नियामक तथा विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 में संशोधन प्रस्तावित है। इस बीच, राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा पुनः शुरू होगी।

पहले बैच की मंजूरी

लोकसभा में 2025–26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों को पहले बैच की मंजूरी दे दी है। इसमें एक लाख 32 हजार करोड़ रुपये के कुल अतिरिक्त व्यय की संसद में मंजूरी मांगी गई है। इसमें 41 हजार 455 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध नकद व्यय के प्रस्ताव भी शामिल हैं। सदन में चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एक उत्तरदायी सरकार के लिए पूरक मांगें आवश्यक हैं। चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी के नीरज मौर्य ने आरोप लगाया कि सरकार सब्सिडी के नाम पर विदेशी कंपनियों को लाभ पहुंचा रही है।

वीर जवानों को नमन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में माँ भारती के वीर सपूतों के असाधारण शौर्य एवं अद्वितीय पराक्रम की गौरवपूर्ण गाथा को समर्पित विजय दिवस पर देश के वीर जवानों को नमन किया।

श्री धामी ने कहा कि वर्ष 1971 में भारतीय सेना ने अपने उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व, कुशल रणनीति और अदम्य साहस से विश्व इतिहास की एक निर्णायक विजय अर्जित की, पाकिस्तानी सेना ने हमारे रणबांकुरों के आगे घुटने टेक दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजय की यह शौर्यगाथा भारतीय सेना के पराक्रम, अनुशासन और बलिदान का शौर्यपूर्ण इतिहास है, जो प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व और प्रेरणा का शाश्वत स्रोत रहेगी।

मुख्यमंत्री ने बधाई दी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी करने पर उत्तराखंड की कविता चंद को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कविता की इस उपलब्धि ने उत्तराखण्ड सहित समस्त देशवासियों को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि मूल रूप से अल्मोड़ा की कविता मुंबई में रहती हैं। माउंट विंसन पर चढ़ाई से पहले वह यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर भी सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुकी हैं।

पशुलोक बैराज में बनेगा

ऋषिकेश स्थित पशुलोक बैराज में जल्द ही आस्था पथ बनाया जाएगा। साथ ही वीरभद्र महादेव मंदिर का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को डीपीआर बनाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश में वर्तमान में आईसीयू संचालित हो रहा है और निक्कू पिक्कू वार्ड के संचालन के लिए दो नए पद सृजित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्त बैंक में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई।

वाइब्रेंट विलेज

उत्तरकाशी के पुलिस अधिक्षक कमलेश उपाध्याय ने सेना सहित बॉर्डर रोड ऑर्गनाईनेशन, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीमा सुरक्षा सहित सीमावर्ती इलाकों में अवैध मादक पदार्थों और वन्य जीवों के अंगों की तस्करी को रोकने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान वाइब्रेंट विलेज जादूंग, नेलांग, धराली, हर्षिल, मुखवा, बगोरी, झाला, जसपुर, पुराली, सुक्की आदि के विकास और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य

अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए संगठित कार्य करने के लिए आपसी समन्वय बनाने पर सहमति व्यक्त की गई।

कपाट बंद

चमोली जिले में स्थित भगवान श्री आदिबदरी मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोचार एवं परंपराओं के साथ एक माह के लिए बंद कर दिए गए हैं। कल देर शाम करीब साढ़े सात बजे मंदिर के कपाट बंद हुए। इससे पहले मंदिर में भगवान आदिबदरी की पूजा की गई और कड़ाह भोग लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। ब्रह्ममुहूर्त में पुजारी ने भगवान आदिबदरी को सप्तशिंधु के जल से स्नान कराया और उनका श्रगार किया।

46 प्रतिशत की वृद्धि

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया है कि पिछले 11 वर्ष में देश में सौर ऊर्जा उत्पादन में 46 प्रतिशत वृद्धि हुई है। ऊर्जा क्षेत्र में हुए विकास पर श्री गोयल ने नई दिल्ली में कहा कि भारत अब कोयले का चौथा सबसे बड़ा शोधन केंद्र है। उन्होंने पिछले वर्ष एक अरब टन से अधिक कोयले के उत्पादन और आयात में आठ प्रतिशत की कमी का उल्लेख किया। श्री गोयल ने बताया कि पवन ऊर्जा क्षमता अब बढ़कर 53 गीगावाट हो गई है।

सीएम हेल्प लाइन

बागेश्वर की जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज, कांडा में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों किसी भी स्तर पर प्रकरण लंबित न रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन आवश्यकता के अनुरूप बनाया जाएं और सेवाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

वित्तीय साक्षरता शिविर

पिथौरागढ़ के बंगापानी में जिला सहकारी बैंक शाखा मदकोट की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक पीयूष पांडेय ने लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने केसीसी, एनआरएलएम, पीएमजेजेबीई, होम स्टे, दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना आदि के बारे में बताया। कई किसानों के बचत, सावधि व आवर्ती खाते खोले गए।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन

नैनीताल हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में डीसीएस रावत अध्यक्ष चुने गये। महासचिव पद पर सौरभ अधिकारी विजयी रहे। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर मीना बिष्ट ने भारी मतों से जीत दर्ज की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुशील वशिष्ठ ने जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर शुभ्र रस्तोगी विजयी रहे। चुनाव में कुल 11सौ 12 अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

अतिक्रमण

बागेश्वर के जिलाधिकारी ने जिले के सभी विभागों से अतिक्रमण पर रिपोर्ट मांगी हैं। जिलाधिकारी ने वन भूमि, नदी तट और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित सभी अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों का चिह्नीकरण कर तत्काल विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व, वन, सिंचाई, लोनिवि एवं अन्य विभाग के अधिकारी स्थल निरीक्षण, सर्वेक्षण एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर तथ्यात्मक एवं सटीक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

उत्तराखंड को 9 पदक

पटना में 13 से 15 दिसम्बर तक में आयोजित हुई अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड ने 6 स्वर्ण, 3 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक जीते। प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के साथ अन्य राज्यों की कुल 33 टीमों ने हिस्सा लिया।